राजस्थान पुलिस अकादमी,जयपुर

<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

‘‘साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर’’

Date 13-02-2023 to 17-02-2023 Course No. 23, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी,जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय,राजस्थान,जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत ‘‘साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर’’ विषय पर दिनांक 13-02-2023 से 17-02-2023 तक 5 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।

मुझ कोर्स निदेशक यतीन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक, आरपीए, जयपुर तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेंसिक्स सलाहकार, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयेजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 14 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 06 पुलिस निरीक्षक तथा 08 उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती वंदिता राणा, पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर द्वारा किया गया । जिसमें श्रीमान द्वारा साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन किया जाकर प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी। सभी प्रशिक्षणार्थियों को एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढाया जाने वाली अध्ययन सामग्री तथा एमएचए द्वारा उपलब्ध करवायी गयी प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री साथ ही स्टेशनरी भी प्रतिभागियों को उपलब्ध करवायी गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ श्री मनोज रमन ,जूनियर साइबर फोरेंसिक्स सलाहकार, आरपीए द्वारा लिया गया गया, जिसमें Computer & Internet devices: CPU, Modem, wifi, Mother Board, Hard Disk, RAM, ROM, Important Evidences in Digital Devices, Latest Trends in Technology- Cloud Computing, Virtual Currency, Block-Chain, Artificial intelligence etc. विषय पर जानकारी दी गयी। दोपहर बाद के सत्र में अक्षय उपाध्याय, साईबर एकसपर्ट, (साईबरपीस फाउण्डेशन) द्वारा Different E-Mail service Providers, E-mail Header, Time Zone Conversion, Challenges to Email Investigation: Hands-on Practice with Case Study विषय पर जानकारी दी गयी।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस प्रथम सत्र में श्री सतपाल, थानाधिकारी, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर उत्तर द्वारा Latest Modus Operandi of Cyber Crimes & Investigation with Case studies & Investigation abroad विषय पर जानकारी दी गयी। बाद दोपहर के सत्र में श्री महेन्द्र कुमार शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, सीआईडी आईबी द्वारा VOIP Call Investigation & Challenges with Case Studies: Hands-on भी करवाया गई व जानकारी साझा की गयी ।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस सभी प्रतिभागियों को एफएसएल ले जाया गया जहॉ श्री विश्वास भारद्वाज, असिस्टेंट डायरेक्टर, एफएसएल जयपुर द्वारा क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय पर घटना स्थल के सुरक्षित करने, निरीक्षण व तैयार किये जाने वाले दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गयी व बाद दोपहर क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय मे ही घटना स्थल पर तलाशी पूर्व तैयारीयों, जब्ती व दस्तावेजों तथा आवश्यक फोरेन्सिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी भी दी गयी। साथ ही प्रतिभागियों को हैण्डस ऑन प्रैक्टिस भी करवाई गई।

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में मनोज रमन ,जूनियर साइबर फोरेंसिक्स सलाहकार, आरपीए द्वारा Communication Device (Mobile Phone, Satellite Phone, GPS Device Etc.) Based Investigation Concept of GPRS Logs & its use in investigation CDR & IPDR Analysis साथ ही प्रतिभागियों को हैण्डस ऑन प्रैक्टिस भी करवाई गई बाद दोपहर के सत्र में श्री नीरज कुमार, कांस्टेबल, आरपीए द्वारा Facebook, Instagram & Telegram Social Media investigation WhatsApp & Twitter Social Media investigation के संबंध में जानकारी साझा की गयी। साथ ही प्रतिभागियों को हैण्डस ऑन प्रैक्टिस भी करवाई गई।

अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में श्री मिलिन्द अग्रवाल, साईबर एक्पर्ट द्वारा Financial Fraud Investigation and Procedure, PayTM, UPI, Debit/Credit Card,, ATM Investigation with Case Study विषय पर जानकारी दी गयी। बाद दोपहर के सत्र में अंतिम सत्र में श्री नीरज कुमार, कांस्टेबल, आरपीए द्वारा अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण वेबसाइटें और अनुसंधान में उनका उपयोग करने के बारे में जानकारी साझा की गयी।

सहायक कोर्स निदेशक द्वारा समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा ली गयी। सम्पूर्ण कोर्स में प्रतिभागियों को Hands on excerise भी करवाई गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 17-02-2023 को 04.45 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन-समारोह अकादमी स्थित लेक्चर थियेटर में श्री कैलाश चंद्र, डीआईजी आरपीए, जयपुर द्वारा समापन उद्बोधन दिया जाकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में मन कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं सम्पूर्ण प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय,

(यतीन्द्र कुमार)
पुलिस निरीक्षक एवं
कोर्स निदेशक, (CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर